(a) whether it is a fact that the Air ndia is facing capacity shortage and is aving hard time in maintaining its flight per schedule; and

(b) if so, the details of future plans f the Air-India to meet the increasing emand of the tourists to India from ther countries ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND HE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI AGDISH TYTLER) : (a) and (b) There s no capacity shortage to maintain the resent schedule of flights of Air-India. lowever, it becomes necessary to make ome adjustments in the published schelules whenever additional flights in the ature of charters/extra section flights are equired to be operated. As a part of the apacity augmentation programme, Air ndia have already signed an agreement vith Boeing Airplane Company for the cquisition of two B747-300 (Combi) aircraft which are expected to be delivered n October/November, 1988.

Vayudoot third level airlines

1167. SHRI V. NARAYANASAMY : Will the Minister of CIVIL AVIATION e pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Government have decided to make Vayudoot, the hird level airliner an independent organiation in view of the pressure for extension of its operation to various places in he country; and

(b) if so, what are details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise

मध्य प्रदेश में डाकघर

1168 **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) गत दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में कितने डाकघर खोले गये हैं; और

(ख) क्या राज्य सरकार ने राज्य में नये डाकघर खोलने के लिए कोई प्रस्ताव भेजा है और यदि हां, तो उस पर की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) मध्य प्रदेश में 1985-86 के दौरान 2 तथा 1986-87 के दौरान 6 डाकघर खोले गए हैं।

(ख) डाक निदेशालय मे इस संबंध मे राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है। राज्य सरकार ने नए डाकघर खोलने के लिए पोस्टमास्टर जनरल, मध्य प्रदेश सर्किल को कोई प्रस्ताव भेजा है या नही और यदि भेजा है, तो उस पर की गई कारवाई का पता लगाया जा रहा है तथा इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

इन्दौर में राजकुमार मिल रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज

1169. **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या रेल मंत्री 18 मार्च, 1987 को राज्य सभा में अताराकित प्रश्न 2439 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश मे इन्दौर में राजकुमार मिल रेलवे क्रासिंग के समीप ओवर ब्रिज का निर्माण करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गयी है; और

(ख) यदि हा, तो इसके निर्माण में विलम्ब के क्या कारण है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी, हां।

(ख) फिलहाल, राज्य सरकार द्वारा नक्शों, अनुमानो और अन्य तकनीकी ब्यौरो/प्रारम्भिक कार्यों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। इनको अन्तिम रूप दिये जाने के बाद, निष्पादन के लिए कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

आगरा-बम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन्दौर के पास उपमार्ग

1170 **श्री राधा किशन मालवीय :** क्या जल भूतल परिवहन मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगरा-बम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन्दौर शहर के बाहर मागलिया से राऊ तक बनाए जाने वाले प्रस्तावित बाई-पास सड़क की लम्बाई कितनी है और इस प्रयोजन के लिये कितनी धन-राशि स्वीकृत की गयी है ;

(ख) क्या इस सबध मे पहले एक सर्वेक्षण करने के पश्चात् इस मार्ग पर कोई सीमाकन कर दिया गया था;

(ग) क्या यह भी सच है कि पहले किये गये सीमाकन को बदलने के लिये एक नया सर्वेक्षण किया जा रहा है; और

(घ) यदि हा, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) इन्दौर के समीप प्रस्तावित बाई पास की लम्बाई 31.60 कि० मी० है सर्वेक्षण और जांच पड़ताल के लिए 4 03 लाख रुपए की राशि और भूमि अधिग्रहण के लिए 2.45 करोड रुपए की राशि के प्राक्कलनो की मस्वीकृति दे दी गई है।

(ख) से (घ) जी, नही।

मध्य प्रदेश में रेलवे लाईन की लम्बाई

1171. **श्री राधाकिशन मालवीय :** क्या रेल मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्य राज्यों की तुलना में मध्य प्रदेश में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रेलवे लाइन की लम्बाई कम है;

(ख) यदि हा, तो स्थिति मे सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है; और

(ग) मध्य प्रदेश के कितने जिलों में रेल सेवाए उपलब्ध नही हैं, क्या केन्द्रीय सरकार इन जिलो में रेल सेवाएं बढ़ाने के लिये प्रयास कर रही हे ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया). (क) मध्य प्रदेश में प्रति 100 वर्ग कि० मी० रेल लाइन अखिल भारतीय औसत से कम है।

(ख) नयी रेल लाइन का निर्माण, उद्योग, परिचालन आदि की विशिष्ट परिवहन आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए किया जाता है।

मध्य प्रदेश मे मतना-रीवा और गुना-इटावा नयी लाइन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नीमच के निकट कोटा-नीमच नयी लाइन पर भी काम चल रहा है जिसका एक भाग मध्य प्रदेश मे पड़ता है।

(ग) दो। तथापि, शिवपुरी जिला गुना-इटावा नयी लाइन परियोजना द्वारा सेवित होगा।

राज्यों की राजधानियों को रेल सेवा से दिल्ली से जोड़ा जाना

1172 श्री राधाकिशन मालवी